# Economy
# EXPLANATION
# (TEST : 04)

**DATE : 4 Oct., 2019/TIME : 9: 00 am**

1. (a) अर्थव्यवस्था के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्र जैसे प्राथमिक, द्वितीयक और तृतीयक क्षेत्र आते हैं। प्राथमिक क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, पशुपालन, मत्स्यन एवं खनन जैसी गतिविधियाँ शामिल की जाती हैं जो उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को संभव बनाती हैं और जिनका पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है। द्वितीयक क्षेत्र के अंतर्गत मुख्यत: निर्माण और विनिर्माण से संबंद्ध औद्योगिकी गतिविधियों को शामिल किया जाता है। तृतीयक क्षेत्र के अंतर्गत सेवाओं को शामिल किया जाता है। अत: प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) है।

2. (d) किसी वित्त वर्ष में किसी भी देश की घरेलू-सीमा के भीतर अंतिम रूप से उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं के कुल मूल्य को सकल घरेलू उत्पाद (GDP) कहते हैं। जीडीपी की गणना स्थिर मूल्य के आधार पर भी की जाती है और बाजार मूल्य के आधार पर भी। स्थिर मूल्य के आधार पर गणना के लिए आधार वर्ष वर्तमान में 2011-12 लिया जाता है और बाजार कीमत के साथ मुद्रास्फीति के प्रभाव को समायोजित करते हुए स्थिर मूल्य के आधार पर जीडीपी की गणना की जाती है। प्रश्न में दिए गए गये दोनों कथन सत्य हैं, अत: अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) है।

3. (a) जीवन गुणवत्ता सूचकांक एक सामाजिक सूचकांक है, जिनमें भौतिक और अभौतिक दोनों घटक शामिल होते हैं इसके आधार पर आर्थिक विकास के स्तर का पता लगाया जाता है। इसके अंतर्गत शिशु मृत्यु-दर जीवन प्रत्याशा, प्रतिव्यक्ति वास्तविक आय, नागरिक स्वतंत्रता गुणांक, राजनीतिक स्वतंत्रता गुणांक और शैक्षिक उपलब्धि को शामिल किया जाता है। अत: प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (A) है।

4. (d) बुनियादी वस्तुओं एवं सेवाओं का उपलब्ध न हो पाना ही गरीबी है। गरीबी दो प्रकार की होती है:-

   1. **सापेक्ष गरीबी:**- सापेक्ष गरीबी में गरीबी का आकलन तुलनात्मक परिप्रेक्ष्य में किया जाता है। इसके लिए किसी समाज की औसत आय और जीवन स्तर का पता लगाया जाता है।
   2. **निरपेक्ष गरीबी:**- निरपेक्ष गरीबी का आकलन स्वतंत्र रूप से किया जाता है। इसके लिए पहले निर्धनता के एक निश्चित मापदण्ड का निर्धारण किया जाता है। फिर हेडकाउंट विधि से उस रेखा के नीचे जिन्दगी गुजर बसर करने वालों का पता लगाया जाता है।

   प्रश्न में दिए गये दोनों कथन एक-दूसरे के विपरीत हैं अत: प्रश्न का अभीष्ट उत्तर विकल्प (d) है।

5. (c) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (नरेगा): सितम्बर, 2005 को संसद द्वारा पारित किया गया। आन्ध्र-प्रदेश के बंदापालि से 2 फरवरी 2006 से शुरू हुई। यह योजना प्रांरभ में देश के 200 जिलों में लागू की गई। इस स्कीम के तहत् अकुशल श्रमिकों के लिए शारीरिक श्रम प्रकृति वाले रोजगार उपलब्ध करवाए जाते हैं। यह अधिनियम प्रत्येक ग्रामीण परिवार के कम-से-कम एक वयस्क सदस्य को साल भर में न्यूनतम 100 दिन के रोजगार की गारण्टी देता है। प्रश्न के दोनों कथन सत्य हैं।

6. (a) समावेशी विकास के अंतर्गत ग्रामीण अर्थव्यवस्था अवसंरचना और विकास को केन्द्रीय महत्व दिया गया। इस दिशा में सबसे महत्त्वपूर्ण पहल भारत-निर्माण योजना, मनरेगा, राष्ट्रीय ग्रामीण

स्वास्थ्य मिशन और राष्ट्रीय ग्रामीण अजीविका मिशन के रूप में मिलती है। अतः प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (a) है।

7. (b) 'दीपक पारिख सीमित' का संबंध अवसंरचना क्षेत्र से है।

8. (b) वैट (VAT) मूल्य-वर्धन पर लगने वाला कर है। इसमें उत्पादन और बिक्री के प्रत्येक चरण में होने वाले मूल्य संवर्द्धन पर कर चुकाया जाता है। इसमें कर की गणना का आधार मूल्य वर्धन होता है ना कि उत्पादन। यह बहु-बिन्दु लक्ष्य-आधारित कर प्रणाली है, जो केन्द्र सरकार का विषय है। अतः प्रश्न में दिया गया विकल्प-1 असत्य तथा विकल्प-2 सत्य है।

9. (b) केन्द्र सरकार ने वित्त वर्ष (2015-20) के लिए रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर वाई.वी रेड्डी की अध्यक्षता में चौदहवां वित्त आयोग गठित किया गया। संविधान के अनुच्छेद 280 के संवैधानिक उपबंधों के तहत् गठित इस आयोग से अक्टूबर, 2014 तक रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने की अपेक्षा की गई। अतः प्रश्न का कथन-1 असत्य है तथा कथन-2 सत्य है।

10. (d) हार्ड करेंसी से आशय, मुद्रा की मांग में कमी से है तथा सॉफ्ट करेंसी से आशय, मुद्रा की माँग उसकी आपूर्ति की तुलना में अधिक से है। प्रश्न के दोनों कथन एक-दूसरे के विपरीत हैं, जो सत्य नहीं हैं। अतः प्रश्न का सही उत्तर (d) है।

GS World
Committed To Excellence

***ANSWER KEY***

***ECONOMY, 4 Oct., 2019 (Test-4)***

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 2. | (d) | 3. | (a) | 4. | (d) | 5. | (c) | 6. | (a) | 7. | (b) | 8. | (b) | 9. | (b) | 10. | (d) |